# 13. उलटे अर्थ वाले शब्द ( विलोम शब्द )

हिंदी भाषा में बहुत से ऐसे शब्द हैं जिनका उलटा अर्थ होता है। उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका पाठ के पृष्ठ पर दिए चित्रों और शब्दों को पढ़वाएँ।
- आगे × पीछे, मोटा × पतला, कड़वा × मीठा आदि शब्दों के उदाहरण देते हुए उलटे अर्थ वाले शब्दों से परिचित करवाएँ।
- कुछ शब्द बोलें और बच्चों से उनका उलटा अर्थ बताने को कहें।
- इसी रोचकता को बनाए रखने के लिए ऐसे शब्द बच्चों से स्वयं बताने को कहें।
- पुस्तक में दिए उलटे अर्थ वाले शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
- अभ्यास करवाएँ। यदि बच्चों से त्रुटि हो तो समझाते हुए त्रुटिशोधन करवाएँ।